सफाई अभियान चलाया

करौली, (नि.स.)। आस्था धाम कैलादेवी में चल रहे हैं लक्खी मेले के दौरान एक रोडवेज कार्मिक द्वारा चलाए गए स्वयं सफाई अभियान को अन्य परिवहन निगम के कर्मचारी अनुसरण करते हुए सफाई व्यवस्था में जुटे हुए हैं।

कैलादेवी आस्थाधाम में चल रहे मेले के दौरान रोडवेज बस स्टैंड के मेला ग्राउंड की सफाई का एक कार्मिक ने अभियान चलाया है। मेला ग्राउंड मे रोडवेज धौलपुर सेक्टर प्रभारी राजीव शर्मा ने यह सफाई अभियान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन से प्रेरित होकर चलाया है। वहीं मेले में आए हर श्रद्धालुओं की सेवा को वह आवश्यक सेवा मानकर चल रहे है।

सेक्टर प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि वह एक अस्थाई अधिकारी जैसी भावना को दिल से निकाल कर एक सफाई कर्मचारी का दायित्व निभा रहे है। इसके पीछे उनका कहना है कि यह प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छ भारत मिशन से प्रेरित होकर कर रहे हैं वह दिन में कई बार हाथ में झाड़ू उठाकर मेला ग्राउंड परिसर में सफाई करने लग जाते है।

उन्होंने कहा कि मे अपने मन से एक प्रभारी का अहंकार निकालकर सेवा भाव से प्रेरित होकर सफाई का दायित्व निभा रहा हूँ। और मेरी कोशिश यही रहती है कि मेले में आए हर व्यक्ति की सेवा ही मेरी असली ड्यूटी है।

धूमधाम के साथ निकली भगवान श्री राम की शोभायात्रा

करौली, (नि.स.)। रामनवमी के अवसर पर करौली जिला मुख्यालय के प्रमुख मार्गो से होकर भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें विभिन्न देवी देवताओं की झांकी के साथ डीजे की धुन पर युवा नाचते चल रहे थे।

रामनवमी के अवसर पर करौली जिला मुख्यालय पर श्रीराम जन्मोत्सव आयोजन समिति के तत्वाधान में भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया पहले तो जिला प्रशासन और पुलिस की ओर से शोभायात्रा को अनुमति नहीं दी गई जिसके चलते समिति के पदाधिकारीयो ने प्रेस वार्ता कर जिला प्रशासन पर हठधर्मिता करने का आरोप लगाते हुए कार्यक्रम को निरस्त कर दिया। लेकिन देर रात्रि को जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित मार्ग से ही यात्रा निकाले जाने की अनुमति दे दी गई।

बुधवार को दोपहर करौली शहर के माथुर स्टेडियम में लोग एकत्रित हुए इस दौरान कार्यक्रम के संयोजक अशोक सिंह धावाई,सहसंयोजक पप्पू पचौरी,विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष चौरजी सिंह,आरएसएस के देवीसिंह बदनपुरा, विपिन शर्मा, केसर सिंह नरूका, भाजपा नेता सतबीर चंदीला, भाजपा जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया, करौली शहर मंडल के पूर्व अध्यक्ष सुरेश शुक्ला, पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश शर्मा सहित हजारों की संख्या में युवा महिलाएं,पुरुष माथुर स्टेडियम से रवाना हुए इस दौरान करीब 5 डीजे पर बज रहे भगवान श्रीराम के भजनों पर युवा नाचते गाते हाथों में धर्म ध्वजा पताका लहराते हुए जय श्री राम के नारों के साथ रवाना हुए।

करौली के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरती शोभायात्रा मे शामिल लोग।

शोभायात्रा में भगवान श्रीराम दरबार, हनुमानजी महाराज, शिव परिवार के अलावा विभिन्न देवी देवताओं की सजीव झांकियां सजाई गई। शोभायात्रा शहर के गुलाब बाग, अस्पताल रोड, फूटाकोट चौराहा, हठवाड़ा बाजार, गणेश गेट, बग्गी खाना, ट्रक यूनियन, कलेक्ट्रेट सर्किल होते हुए वजीरपुर गेट बाहर स्थित रामद्वारा परिसर में आकर संपन्न हुई। जहां भगवान श्री राम की महा आरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया शोभायात्रा के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल,पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम, कोतवाली थाना अधिकारी सुनील कुमार के अलावा कई पुलिस उपाधीक्षक और जिले भर के थानों के थाना अधिकारी, पुलिस जवान, आरएसी, होमगार्ड के जवान सहित सीआरपीएफ के जवान चप्पे चप्पे पर तैनात किए गए शोभायात्रा के मार्ग में ड्रोन कैमरा से निगरानी की गई।

इस दौरान जिला प्रशासन कि ओर से उपजिला जिला कलेक्टर पिंकी गुर्जर,तहसीलदार,पंचायत समिति के विकास अधिकारी, विभिन्न क्षेत्रों के हल्का पटवारी साथ चल रहे थे। शोभायात्रा के मार्ग में जगह-जगह विभिन्न संगठनों एवं समाजों के लोगों द्वारा पुष्प वर्षा व शीतल पेय पिलाकर राम भक्तों का स्वागत सम्मान किया गया। आगजनी की घटना को देखते हुए अग्निशमन वाहन फूटाकोटएवं गणेश गेट पर खड़े कराए गए वहीं रास्ते में पढ़ने वाली हिंडौन गेट और हटवाड़ा, भट्टा सर्किल की मस्जिदों पर भारी सीआरपीएफ पुलिस के जवानों का जप्ता तैनात किया गया।

रामनवमी पर राम भक्तों ने निकाली शोभायात्रा

हिण्डौन सिटी । श्री राम नवमी पर बुधवार को श्री राम जन्मोत्सव शोभायात्रा समिति द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें धार्मिक व देशभक्ति झांकियों के साथ 21 घोड़ों पर प्रमुख लोग शामिल रहे। इसी के साथ एक घोड़ा बग्घी पर संत छैयादास विराजमान रहे। डीजे के साथ आयोजित हुई शोभायात्रा में हजारों महिलाएं-पुरुष हाथों में जय श्री राम की झंडियां लेकर शामिल हुए। वहीं घुड़ नृत्य भी आकर्षक रहा। महू से युवाओं की टोली ने फौजियों की झांकी प्रदर्शित की। सीताराम दरबार, वाल्मीकि जी, महाराज अग्रसेन आदि की झांकी भी शामिल हुई।

श्री राम जन्मोत्सव शोभायात्रा समिति की ओर से राम नवमी पर आयोजित शोभायात्रा महाराजा सूरजमल स्टेडियम से सुबह 10 बजे प्रारंभ हुई। जो मनीराम पार्क, शीतला कॉलोनी, डेम्परोड, चौपड़ सर्किल, बयाना मोड़, नई मंडी, जैन मंदिर रोड, टेलीफोन एक्सचेंज चौराहा, जिला अस्पताल मार्ग होते हुए स्टेडियम पहुंची। साथ ही 12 से ज्यादा सजीव झांकी शामिल रही। शहर के सर्व समाज के मुखिया घोड़े पर सवार हुए। जिसके माध्यम से शहर में सामाजिक समरसता का परिचय दिया गया। वहीं एक सुसज्जित घोड़ा बग्घी में संत छौयदास शामिल रहे। शोभायात्रा में समिति अध्यक्ष पुरषोत्तम फतेहपुर, संयोजक सुशील, एडवोकेट जितेंद खेमरिया, सौरभ शुक्ला, राजेश मीना, दिनेश आचार्य, सुनील सिंहल, भाजपा के शहर अध्यक्ष अनिल गोयल, जीतू, आशीष जांगिड़, एडवोकेट श्री भान गुर्जर सहित कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

भाजपा प्रत्याशी रामस्वरूप कोली ने बयाना और रुदावल क्षेत्र में किया जनसंपर्क

भरतपुर, (निस)। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन बुधवार को भाजपा प्रत्याशी रामस्वरूप कोली ने सघन जनसंपर्क कर अपने लिए वोट मांगे। उनके साथ बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी भी मौजूद रहे। कोली ने बयाना और रुदावल के बाज़ार में पैदल जनसंपर्क कर वोट मांगे। इसके अलावा उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में भी संपर्क सभाएं कर लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील की। कोली ने भगोरी, हरनगर, दमदमा सूपा, बरोदा आदि में जनसंपर्क किया। इस मौके पर उनके साथ प्रमुख रूप से बयाना की विधायक ऋतु बनाबत भी उनके साथ रहीं। विभिन्न जनसंपर्क सभाओं को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक ने कहा कि आप रामस्वरूप कोली को वोट दें। कोली के

भाजपा प्रत्याशी रामस्वरूप कोली ने जनसम्पर्क किया।

साथ सांसद रंजीता कोली, विधायक ऋतु बनाबत, पूर्व विधायक बच्चूसिंह बंशीबाल, राजेंद्र दमदमा मंडल अध्यक्ष बयाना, भूरा भगत, सुनील प्रधान, श्रीराम बेसला, मुकेश कोली, धर्म सिंह चौधरी, दौलत सिंह मोजूद रहे। इसी प्रकार भाजपा प्रत्याशी रामस्वरूप कोली ने बुधवार दोपहर रुदावल कस्बे में रोड शो कर जनसम्पर्क किया और भाजपा के पक्ष में वोट मांगे। कोली ने हनुमान मंदिर पर दर्शन किए और विजय कामना को लेकर धोक लगाई। कोली ने कस्बे में शीतला माता मंदिर से पैदल ही रोड शो किया जो बस स्टैंड से बंशी पहाड़पुर मार्ग होते हुए मुख्य बाजार में पहुंचा यहां दुकानदारों के कोली का स्वागत किया। वही राजपूत सभा भवन पर भाजपा नेता सियाराम परमार ने समाज की ओर से स्वागत किया। रोड शो जाटव बस्ती से रूपवास मार्ग होते हुए बस स्टैंड पर सम्पन्न हुआ। कोली के साथ सांसद रंजीता कोली, विधायक ऋतु बनाबत, पूर्व विधायक बच्चूसिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

सार-समाचार

आश्रम में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन

भरतपुर, (निस)। नवरात्रा के अवसर पर बुधवार को रामनवमी के अवसर पर अपना घर आश्रम में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत आश्रम में रह रहे 175 जनों ने नवरात्रा के व्रत रखकर रामनवमी पर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना व 51 कन्याओं का पूजन कर आरती उतारी गई। इस अवसर पर आश्रम में बने सिनेमा थियेटर में मां भगवती के भजनों पर महिला प्रभुजनों एवं बाल गोपालों ने गाना गाकर आनंद लिया। आश्रम में रामनवमी, नवरात्रा समापन के अवसर पर प्रभुजनों के लिए हलवा, चना, पूडी, आदि पकवान बनाए गए। इसके बाद सभी को कैफेटेरिया में भोजन प्रसादी कराई गई, बुधवार को आश्रम में सुबह से ही रामनवमी को लेकर प्रभुजनों में काफी उत्साह था उनके उत्साह को देखते हुए आश्रम की तरफ से उसी तरह से आयोजन की व्यवस्था की गई, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़करभाग लिया। कार्यक्रममेंकन्यापूजन के बादछोटीकन्याओं व महिला प्रभुजनों ने भीथियेटरमेंमां के भजनोंपरनृत्य कार्यक्रम की शोभा बढाई।प्रभुजनों के अलावा आश्रम के पदाधिकारियों व सेवा साथियों ने भी पूजा अर्चनाकर कार्यक्रम में भाग लिया। प्रभुप्रकल्प के ब्लॉक 4 में मां दुर्गा की झांकी सजाकर पूजा अर्चनाकर पदाधिकारी एवं सेवासाथियों द्वारा आरती उतारी गई। इसके बाद पुरूष एवं महिला प्रभुजनों द्वारा मातारानी के भजनों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किये गये साथ ही बाल-गोपालों ने भी माता के भजनों पर अपनी प्रस्तुती दी जिसे देख सभी प्रफुल्लित हो गए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रभुजन अपने मुख से मातारानी के भजनों का गुणगान कर रहे थे।

ऑटो पलटने 6 लोग घायल

हिंडौन सिटी। मंडावरा रोड पर बुधवार सुबह करीब 11 बजे एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें सवार एक परिवार की तीन महिलाओं समेत 6 लोग घायल हो गए। घायलों में 2 जनों के हाथों में फ्रैक्चर है। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं हादसे के बाद ऑटो ड्राइवर मौके से फरार हो गया। परिवार के लोग रिश्तेदार की मौत होने पर गमी में शामिल होने जा रहे थे।सर्जन डॉक्टर मनोज जांगिड़ ने बताया कि घायलों में हरी नगर निवासी केशूली जाटव (60), कृष्णा (30), रतन जाटव (65), सुशीला (40) व 2 अन्य है। चिकित्सक के अनुसार सुनीता व रतन के गम्भीर चोट आई है। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया। अन्य की स्थिति सामान्य है।घायल कृष्णा ने बताया कि हिंडौन के सालिम पुरिया के पुरा में एक रिश्तेदार की मौत होने पर ऑटो से परिवार के लोग हरि नगर से जा रहे थे। इस दौरान ऑटो ड्राइवर तेज गति से लहराते हुए ऑटो चला रहा था। जिसमें मंडावरा रोड पर ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। घायलों का आरोप है कि घटना के बाद ऑटो ड्राइवर मौके पर घायलों को छोड़कर फरार हो गया। मौके से गुजर रहे लोगों ने घायलों की मदद की। उन्हें निजी साधनों से जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में घायलों का उपचार जारी है। इधर घटना के बाद घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंचे।

मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया

भरतपुर, (निस)। संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने बुधवार को मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर चुनावी व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित कार्मिकों को सतत निगरानी रखते हुये स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनाव कराने के निर्देश दिये। संभागीय आयुक्त ने विधानसभा क्षेत्र बयाना, वैर के दर्जनभर मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर छाया, पानी, रोशनी, शौचालय एवं सुरक्षा व मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र पर बीएलओ, पुलिस अधिकारी एवं निर्वाचन से जुडे अधिकारियों के दूरभाष नम्बर आवश्यक रूप चस्पा किये जायें जिससे मतदाता सम्पर्क कर सकें। उन्होंने निर्देशित किया कि मतदान केन्द्रों पर कुल मतदाताओं की संख्या, महिला व पुरूष मतदाताओं की संख्या चस्पा किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सुरक्षात्मक दृष्टि से किये जाने वाले उपायों की भी जानकारी ली तथा आम मतदाताओं को निर्भीक होकर मतदान के लिये प्रेरित करने के निर्देश दिये। इस दौरान एसडीएम राजीव शर्मा, तहसीलदार विनोद कुमार मीना एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे

राम शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया

भरतपुर, (निस)। एकल श्री हरि वनवासी विकास ट्रस्ट की ओर से राम जन्मोत्सव के उपलक्ष में भव्य शोभायात्रा का स्वागत फूल माला चंदन, पटका के साथ स्थानीय सर्राफा बाजार में भव्य तरीके से किया गया। यात्रा ने हजारों की संख्या में राम भक्त नांच गानों के साथ झूमते लहराते नजर आ रहे थे। सैकड़ो झांकियां भगवान राम लक्ष्मण, सीता, कृष्णा, हनुमान जी शिव जी की विशाल सजीव झांकियो के साथ बैंड बाजे, डी.जे. इत्यादि के साथ निकली। इस स्वागत कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष अनुराग गर्ग, सचिव शंकर लाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोज तिवारी, सत्येंद्र कुमार, विनीत अग्रवाल, सर्वेश शर्मा, प्रहलाद बंसल, परशुराम शर्मा, नितिन सिंघल, पूरन सिंह, विनोद सिंघल, प्रमोद अग्रवाल, अशोक गुप्ता, संजीव गोयल, महिला समिति की अध्यक्ष शोभा कंसल, विनीता गुप्ता, ऋतु गर्ग वेदवती आर्य, आशा अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

रवि मीना के आईएएस में चयन

भरतपुर, (निस)। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी सिविल सेवा परीक्षा परिणाम में अन्तिम रूप से चयन होने पर राष्ट्रीय मीणा महासभा ने रवि मीना को बधाई दी। जानकारी देते हुए राष्ट्रीय मीणा महासभा के प्रदेश संगठन सचिव भूपेन्द्र सिंह मीना ने बताया कि रवि मीणा जो कि रमेश चन्द मीणा पूर्व वरिष्ठ मण्डल प्रबंधक भारतीय जीवन बीमा निगम आगरा के पुत्र है। जो कि निवासी ग्राम पीरीकीनार ,पुराबाई खेड़ा तहसील बयाना जिला भरतपुर के निवासी हैं। यूपीएससी भारतीय प्रशासनिक सेवा परीक्षा 2023 में 625वी रैंक हासिल की है को टीम द्वारा बधाई दी गईं और मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर प्रकाश मीणा स्टेशन मास्टर, बच्चू सिंह पीपीए, संतराम मीना, किसन खातीपुरा, सहदेव सेवला, राजेन्द्र भवनपुरा, डॉ विशंभर संतोकपुरा, रामावतार ककरौआ, प्रेम सिंह, प्रताप सिंह, बाबूलाल रिचौली, मस्तराम बमनावत सहित अनेक टीम सदस्य मौजूद रहे।

लोकसभा आम चुनाव हेतु आज रवाना होंगे मतदान दल

करौली, (नि.स.)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना जिला निर्वाचन अधिकारी करौली ने अवगत कराया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव हेतु घोषित कार्यक्रम अनुसार मतदान 19 अप्रेल शुक्रवार को प्रस्तावित हैं। जिले में 588123 पुरुष मतदाता,501219 महिला मतदाता एवं 8 ट्रॉसजेण्डर मतदाता कुल 1089350 दर्ज हैं। मतदान कराने हेतु कुल 4589 कार्मिकों को मतदान दल में नियुक्त किया गया है।

उन्होने बताया कि मतदान प्रातः 7.00 बजे से सायं 6:00 बजे तक करौली जिले के 1043 मतदान केन्द्रों पर सम्पन्न होगा। जिले की प्रत्येक विधानसभामें 08 महिला प्रबंधित,08 युवा प्रबंधित एवं 01 दिव्यांग प्रबंतिध मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। मतदाताओं हेतु समस्त मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्थाएँ की गई हैं। मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों हेतु प्रत्येक मतदान केन्द्र पर प्राथमिक चिकित्सा सुविधाभी सुनिश्चित की गई हैं। जिले के 338 किटीकल मतदान केन्द्रों पर केन्द्रीय सशस्त्रपुलिस बल नियोजित किया गया है। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर 01-01 पुलिस बल कीनियुक्ति की गई हैं जिले में प्रभावी गस्त हेतु 12 क्यूआरटी टीमों का गठन किया गया है।जिले में शान्ति पूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु 123 सैक्टर एवं 10 एरिया मजिस्ट्रेटों कीनियुक्ति भी गई हैं। करौली जिले में 85 आयु के 718 मतदाताओं में से 698 मतदाताओं ने तथा 222 दिव्यांग जन मतदाताओं में से 219 मतदाताओं नेहोम वोटिंग के माध्यम से मतदान सम्पादित किया है जिले में 2778 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान हेतु आवेदन करने पर उन्हें पोस्टल बैलेट जारी किये गये जिनमे से अब तक 2083 मतदाताओं द्वारा मतदान किया जा चुका है। जिले में 3736 मतदान कार्य हेतुनियोजित कार्मिकों हेतु ईडीसी जारी किये गये हैं। उक्त कार्मिक मतदान दिवस के दिन हीपोलिंग बूथ पर मतदान करेगें। जिले में मतदान कराने हेतु मतदान दल 02 पारियों मेंमतदान दल मतदान हेतु अपने गन्तव्य हेतु प्रस्थान करेगें।

लोक सभा क्षेत्र का दौरा किया

करौली, (नि.स.) करौली धौलपुर लोकसभा सीट के कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रभारी शब्बीर खान ने टोड़ाभीम,महू इब्राहिमपुर, हिण्डौन,करौली,बाड़ी का तूफानी दौरा किया।. करौली मे हाजी रुखसार सभापति पुत्र अमिनुद्दीन खान व वरिष्ठ कांग्रेस से मुलाकत की गई।

इस दौरान क्षेत्र के ग्रामीण शहरी कार्यकर्ताओ से मुलाक़ात की गई। कार्यकर्ताओ से बैठक ले कर कार्यकर्ताओ कों कांग्रेस की जीत व मतदान के लिए प्रेरित किया। शब्बीर खान के साथ डॉ सईद हनीफी,कांग्रेस उपाध्यक्ष. कयाम अब्बास,ब्लॉक अध्यक्ष सद्दीक अंसारी का भी स्वागत किया। डॉ. अज़हरउद्दीन, शाहिद, लाला भाई., शाहरुख खान,शकील खान, जुनेद गफ्फार खान. चाँद खान, जुबेर, डॉ. अब्दुल जब्बार, इब्राहिम भाई, जाकिर अली आदि सेकड़ो कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

धर्मार्थ प्याऊ का किया लोकार्पण

कामां, (निस)। कामां कस्बे मे लाल दरवाजा स्थित पंचायती धर्मार्थ प्याऊ व नवनिर्मित हॉल का स्वामी हरी चैतन्यपुरी महाराज, विधायक नौक्षम चौधरी, पूर्व मंत्री मदन मोहन सिंघल, पालिकाध्यक्ष गीता खंडेलवाल, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष कमल अरोड़ा ने मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से लोकार्पण किया। धर्मार्थ प्याऊ के लोकार्पण बाद कोट ऊपर राधा वाटिका मैरिज में भामाशाहों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें जीर्णोद्वार व नव निर्मित हाल के निर्माण में सहयोग देने वाले भामाशाहों को सम्मानित किया गया पूर्व मंत्री मदन मोहन सिंघल ने बताया कि इस प्याऊ की स्थापना सन 1962 में हुई थी 85 वर्षों से यह प्याऊ बाजार में खरीददारी करने के लिए आने वाले ग्रामीणों की प्यास बुझाने का कार्य कर रही है कामां के लाल दरवाजे पर स्थित यह पंचायती धर्मार्थ प्याऊ जनसहयोग से संचालित होती है सम्मान समारोह में बोलते हुए विधायक नौक्षम चौधरी ने कहा कि सरकार विकास के लिए प्रयासरत है। आप लोग अपनी समस्याओं से हमें अवगत कराऐं हम हर संभव प्रयास करेंगे कि समस्याओं का समय पर निराकरण हो। कामां कस्बा सहित पूरे क्षेत्र की पेयजल समस्या का निराकरण जल्द कराया जाएगा। सभी लोगों को समुचित मात्रा में पीने का पानी उपलब्ध कराया जाएगा। लौकार्पण व सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि स्वामी हरी चैतन्यपुरी महाराज ने भी रामनवमी की शुभकामना दी। कार्यक्रम का संचालन दीपक जैन सराफ ने किया।

भरतपुर में श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकाली

भरतपुर, (निस)। बुधवार को रामनवमी के अवसर पर श्री रामजन्मोत्सव शोभायात्रा समिति के द्वारा शहर के मुख्य बाजार में भगवान श्री राम की भव्य श्रीराम शोभायात्रा निकाली गई। डी यार्ड में समिति संरक्षक रघुराज सिंह काका बाबूलाल मुख्य अतिथि खाटूश्यामजी मन्दिर मेहत रोहित महाराज, गोपेश कृष्णदास महाराज ने सजीव रामलला की झाँकी की आरती उतार कर व अयोध्या धाम में विराजे रामलला की विग्रह जी शिला से बना है उस शिला के खण्ड की पूजा अर्चना करके आगे की ओर शोभायात्रा को अग्रसर किया वही समिति अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने बताया की हिन्दू समाज के करीब एक लाख से अधिक श्रद्धालु, हाथों में झंडा लेकर एक स्वर में झूमते हुए बार बार यहीं दोहराते रहे कि एक ही नारा एक ही नाम, जय श्री राम-जय श्री राम3। शहर के मण्डी यार्ड से निकली शोभायात्रा जब सड़क पर आई तो मानों शहर ही थम गया था। करीब एक माह की तैयारियों के बीच बुधवार की दोपहर एक बजे मण्डी यार्ड से भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा निकाली गई। जिसकी ऐतिहासिक भीड़ को देखकर सबने दांतो तले

भगवान श्री राम की शोभायात्रा से पूरा भरतपुर का बाजार राममय हो गया।

अंगुलियां दबा ली। रंग-बिरंगे परिधान के साथ महिला, पुरुष व बच्चे जय श्री राम- जय श्री राम के नारे लगाते हुए आगे बढ़ते गए। भगवान श्री राम की शोभायात्रा से पूरा भरतपुर का बाजार राममय हो गया। भगवान श्री राम के भजनों से पूरा शहर गुंजायमान हो गया। भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा में हजारों की संख्या में राम भक्त शामिल हुए। वहीं शोभायात्रा में अन्य राज्यों के कलाकारों ने भी मनमोहक झांकियों पर अपनी प्रस्तुति दी। शोभायात्रा समिति व सामाजिक संगठनों द्वारा आकर्षक झांकियां निकाली गई। शोभायात्रा के आगे आगे सजीव महाबली हनुमान वानर व लंगूरों की सेना के साथ चलते आकर्षण का केन्द्र रहे। वहीं शोभायात्रा में भव्य रामदरबार, विशाल सजीव अशोक वाटिका, चारों वेदों की झांकी, रामदरबार की झांकी, महर्षि वाल्मीकि झांकी, महर्षि परशुराम जी की झांकी, महाराजा अग्रसेन की झांकी, संत सुंदरदास की झांकी, बाबा साहेब भीमराम अंबेडकर की झांकी, भरतपुर तोप वाले हनुमान जी की झांकी, मयूर नृत्य व फूलों की होली के साथ महाराजा सूरजमल की भव्य झांकी, समेत 40 से अधिक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा पर उड़नखटोले से 400 किलो से अधिक पुष्पों की वर्षा भी होगी। शोभायात्रा भव्य रामदरबार की आरती के साथ कुम्हेर गेट कृषि उपज मंडी से प्रारंभ हुई। जो शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए कॉलेज ग्राउंड पर सम्पन्न हुई। मुख्य बाजार में कई स्थानो पर व्यापारियों एवं रामभक्तों ने शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

ज़िला व्यापार महासंघ को आमंत्रित किया

भरतपुर, (निस)। ज़िला व्यापार महासंघ को जिला कलेक्टर द्वारा मीटिंग के लिए आमंत्रित किया गया ज़िला प्रवक्ता विपुल शर्मा ने बताया कि मीटिंग में जिलाध्यक्ष संजीव गुप्ता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने भाग लिया प्रतिनिधि मंडल में ज़िला प्रवक्ता विपुल शर्मा हलवाई संघ अध्यक्ष जुगल किशोर सैनी, मैरिज होम संघ के सागर बजाज, टेंट एसोसियेशन के जीतेन्द्र रोहित होटल एसोसियेशन के अध्यक्ष मंत्री वा विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पधाधिकारी शामिल थे।

मीटिंग का मुख्य उद्देश्य 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव की वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाना था, जिसमे अधिक से अधिक मतदान कैसे हो, इसके लिऐ आमजन को शत प्रतिशत मतदान के लिऐ कैसे जागरूक किया जा सकता हैं जैसे विंदुओ पर चर्चा की गई इस चर्चा में नगर निगम आयुक्त, यू आई टी सचिव के साथ साथ और भी अधिकारी शामिल थे, शत प्रतिशत मतदान के लिए भरतपुर जिला व्यापार महासंघ द्वारा भी सभी व्यापारियों से अपील की जाती हैं कि सभी व्यापारी अपना अपने परिवारी जनों और अपने कर्मचारीयो का मतदान अवश्य करें वा करवाए, प्रत्येक कर्मचारी की उंगली पर निशान देख कर ही अपने प्रतिष्ठान पर आने दे, अगर चाहें तो ग्राहकों को वोटिंग के लिऐ प्रेरित करने के लिए वोटिंग निशान देखकर अतिरिक्त डिस्काउंट की भी पेशकश कर सकते हैं।

हिण्डौन सिटी बधाई गीतों से मनाया श्री राम जन्मोत्सव

श्री हरदेव जी के मंदिर प्रांगण में रामनवमी के शुभ अवसर पर श्री राम जन्मोत्सव मनाया गया।

हिण्डौन सिटी। शहर के आराध्य देव श्री हरदेव जी के मंदिर प्रांगण में रामनवमी के शुभ अवसर पर श्री राम जन्मोत्सव एवं श्री राम भजन संकीर्तन का आयोजन धूमधाम के साथ किया गया। श्री हरदेव कला मंडल एवं हरदेव महिला मंडल के भक्त, कलाकारों द्वारा श्री राम जन्मोत्सव भजन संकीर्तन के साथ उत्सवपूर्वक मनाया गया। भजनोत्सव की विधिवत शुरुआत छैल बिहारी पाठक ने गणेश वंदना एवं रामवंदना तू दयालु दीन हौं के साथ की तथा राम जन्म के बधाई गीतों आज घर घर मंगल सजाओ री, जगत करतार आए, चार चार प्रगटे ललनवा की भावसरस प्रस्तुति दी।भजनोत्सव की श्रृंखला में गायक मुकेश पाराशर ने राम नाम अति मीठा है, रघुपति राघव, हेमंत सोनी ने तेरा राम जी करेंगे बेड़ा पार , वासुदेव पाठक ने राजा दशरथ जी के द्वार नौबत बाज रही, मेरे राघव जी उतरेंगे पार तथा कृष्ण बिहारी पाठक ने रामलला की बधाईयाँ मैं वारी जाऊँ बधाई सुनाई।बाल कलाकार कुमारी विधि पाठक ने राम का गुणगान करिये, नगरी हो अयोध्या सी, और राम आएंगे आएंगे भजनों की मधुर प्रस्तुति से प्रांगण को भक्तिमय बना दिया। कुमारी मेहा पाठक ने भजन पर नृत्य प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। इसी क्रम में हरदेव महिला मंडल ने अवध में लडुआ बधाई, भजमन राम युगल शरणा, आगर खोल दे कौशल्या मईया, हमपै करा दियो टोना बधाई गीत प्रस्तुत किये। बधाई गीतों के बीच मंदिर के गोस्वामी जी द्वारा बधाई एवं छाक का वितरण किया गया।

राम जन्मोत्सव पर आयोजित इस भजन संकीर्तन में सैंकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। तबला वादन अजय पाठक ने किया तथा मंच संचालन वयोवृद्ध साहित्यकार जय गोविंद बैंदिल ने किया।

NAME CHANGE

I No. 16012038Y Rank Hav Name-RANVIR SINGH Residing at Village-Reejhawas,Post-Pali ,Teh. Suroth Dist. Karauli Raj do hereby solomnly affirm and state on oath as follows- That as per my army record my wife Name is SARLA, and My wife date of birth is recorded as 24-05-1984 but in My wife name is recorded as per Aadhar Card, Pan Card, SARLA DEVI my wife date of birth is recorded as 01-01-1985. That my wife correct Name is SARLA DEVI, and my wife date of bnlti recorded as 01-01-1986 as per Aadhar Card, Pan Card. The above information is correct What is stated above is true and correct to the?wastlf my knowledge belief and information.